# विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करायें:देवस्थान आयुक्त



देवस्थान विभाग आयुक्त ने मंगलवार को जिले में देवस्थान विभाग के प्रगतिरत कार्यों एवं मंदिरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**भरतपुर, ।** देवस्थान विभाग आयुक्त वासुदेव सिंह मालावत ने मंगलवार को जिले में देवस्थान विभाग के प्रगतिरत कार्यों एवं मंदिरों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने मंदिरों के दर्शन कर पुजारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

देवस्थान आयुक्त ने लोहागढ किले स्थित बिहारी जी मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर सामुदायिक शौचालय, मंदिर के बाहर पार्किंग आदि सुविधाओं के साथ साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मंदिर के सामने स्थित भूमि को समतल कर बिखरी हुई अनावश्यक निर्माण सामग्री हटवाकर इन्टरलॉकिंग का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं हो। उन्होंने सम्पूर्ण मंदिर परिसर में साफ-सफाई के साथ श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिये। उन्होंने किला परिसर स्थित देवस्थान विभाग के अन्य मंदिरों का भी निरीक्षण किया तथा मंदिरों की साफ-सफाई के साथ परिसम्पत्तियों के संरक्षण व सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने केला देवी झील का बाडा मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुये भविष्य की जरूरतों के अनुसार प्लानिंग बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान मुख्य द्वार से लेकर मंदिर तक जगह-जगह पैदल यात्रियों को बैठने के शैड तथा शौचालय आदि की सुविधाऐं भी विकसित की जायें। उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्वार कार्य में संरक्षण, सुंदरता, सुविधाऐं प्राथमिकता में रखी जायें। उन्होंने कहा कि मंदिर तक पहुॅचने के लिये वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिये रैम्प अथवा लिफ्ट का प्रावधान भी लें। मुख्य मंदिर में सौन्दर्यीकरण के साथ फसाड के बदलाव में स्थानीय संस्कृति को दर्शाते हुये स्थानीय पत्थर का उपयोग किया जाये। उन्होंने परिक्रमा पथ एवं मंदिर तक पहुॅचने वाले मार्ग में यात्रियों की सुविधा के लिये टीनशेड, जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान कुण्ड में नहाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिये स्थाई रेलिंग भी लगाई जाये। निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण कर उन्होंने 5 साल तक रख-रखाव का प्रावधान भी तय करने के निर्देश दिये।

देवस्थान कार्यालय का किया निरीक्षण

देस्थान आयुक्त ने किला स्थित देवस्थान कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने कार्यालय में नियमित साफ-सफाई के साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, प्रत्येक मंदिर की अलग से पत्रावली संधारित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि जितने भी किरायेदारी के प्रकरण हैं उनका रिकार्ड संधारित कर पिछले एक साल से किराया नहीं जमा कराने वालों के प्रकरण सम्पदा में दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि देवस्थान विभाग की जितनी भी जमीनें हैं जिनमें अतिक्रमण की संभावना है तत्काल सीमा ज्ञान कराकर पिलर लगवायें। उन्होंने देवस्थान विभाग की परिसम्पत्तियों में स्वामित्व का बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि देवस्थान के आत्मनिर्भर, सुपुर्द, अराजकीय श्रेणी सभी मंदिरों का निरीक्षण कर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने पर मरम्मत के प्रस्ताव बनवाकर भिजवायें।

## राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 7 से

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय सम्राट पृथ्वीराज चौहान राइफल शूटिंग प्रतियोगिता 7 से 10 सितम्बर तक सम्राट पृथ्वीराज चौहान खेल नगर परिसर पुलिस चौकी के पास अम्बेडकर भवन में आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर से 800 से अधिक पुरुष, महिला व पैरा शूटर्स भाग लेंगे।

प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत होंगे।

खेल का अजमेर में भव्य आयोजन किया जा रहा है,इसमें अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के इलेक्ट्रिोनिक स्कॉरिग टारगेटस् पर शूटर अपना प्रदर्शन करेगें।

प्रतियोगिता शूंटिग रेंज में एक साथ 25 राइफल शूटर भाग ले सकेगें। विजेता खिलाडियों में श्रेष्ठ चार शूटरर्स को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

प्रतियोगिता के आयोजक सचिव हिम्मत सिंह राठौड़ ने बताया कि करणी स्पोर्टस् शूंटिग अकादमी अजमेर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय स्पर्धा में 10 मी एअर पिस्टल, 10 मी एअर राइफल एवं 10 मी ओपन साईट के मुकाबलें आयोजित खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के सभी मुकाबलें प्रात: 7 से देर रात्रि तक आयोजित होंगे।

## सार-समाचार

### गंभीर नदी में डूबे युवक को निकाला



करौली के निकट गंभीर नदी में डूबे युवक को निकालते सिविल डिफेंस के जवान

**करौली( नि.स. )।** तिगरिया गॉव के समीप बह रही गंभीर नदी के पानी मे डूबने से युवक कि मृत्यु हो गई जिसे रेस्क्यू कर पानी से बाहर निकाल कर परिजनो के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार प्रात: करीब 8:30 बजे के एक व्यक्ति गंभीर नदी के पानी मे डूब गया जिसकी सूचना पर सिविल डिफेंस इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची तथा हिंडौन से एसडीआरएफ कि टीम भी मौके पर पहुंची कडी मस्तक करने के बाद युवक को सिविल डिफेंस टीम द्वारा बाहर निकाल लिया गया तथा पुलिस के माध्यम से राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां डॉ. ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया मौके पर मौजूद ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि मृतक ऋषिकेश पुत्र रकम सिंह निवासी तिगरिया था इस मौके पर सिविल डिफेंस टीम के सदस्य पुष्पेंद्र, ऋषि, फरमान, जयदेव, अखलाक, रामावतार,राधेश्याम,जल सिंह,लोकेंद्र आदि मौजूद रहे।

### ई मित्र केंद्रों का किया निरीक्षण

**सूरौठ ।** वर्तमान में खाद्य सुरक्षा वाले राशनकार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने का काम ईमित्रो के मध्यम से किया जा रहा है । सामाजिक कार्यकर्ता वीपी सिंह मीना ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की टीम ने सूरौठ तहसील मुख्यालय पर संचालित ईमित्र केंद्रों का निरीक्षण किया । विभाग के ब्लॉक प्रोग्रामर भूपेंद्र महावर एवम सूचना सहायक कैलाश महावर द्वारा कस्बे के ईमित्र केंद्रों का निरक्षण किया । एवम् ईमित्र संचालको को अपनी दुकान पर रेट लिस्ट, ब्रांडेड बैनर उपलब्ध नही होने व ऑवर चार्जिंग पर ई मित्र कियोस्क को नोटिस जारी किए गए एवं आवश्यक पेनल्टी लगाई गई और गवर्नेस की सुविधा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क पर आमजन को सेवा देने के निर्देश दिए ।

### दंगल का किया जायेगा आयोजन

**सूरौठ ।** कस्बे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लोक देवता बाबू महाराज की जात के अवसर पर आज 4 सितंबर बुधवार को कन्हैया दंगल का आयोजन होगा,जिस पर मीणा समाज के पंच पटेलों ने जानकारी देतें हुए बताया कि बुधवार को बाबू महाराज कि विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रसादी का भोग लगानें के बाद 11 बजे से राजकीय विद्यालय के पास कन्हैया दंगल में ऊकेरी,नांगल पहाडी,व मोहनपुर गांवडी सहित कई गायन पार्टीयां अपना अपना गायन प्रस्तुत करेंगी

### बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी ।** उदेई मोड थाना पुलिस ने बाइक के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की गई बाइक ?बरामद कर ली गई है। थानाधिकारी नरेश पोवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देश पर एएसपी राकेश राजौरा और पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपरविजन और उदेई मोड थानाधिकारी नरेश पोसवाल के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत उदेई मोड थाना पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की गई बाइक को भी बरामद किया है। थानाधिकारी ने बताया कि उनके नेतृत्व में हैड कांस्टेबल थानसिंह, राजाराम और रघुवीरसिंह सहित पुलिस जाब्ते ने वांछित बाइक चोर विष्णु पुत्र हरि जाटव, निवासी जमालपुरा पुलिस थाना सदर हिण्डौन, जिला करौली को डिबस्या मोड गंगापुर सिटी से गिरफ्तार किया गया है।

# सरकारी शिक्षक से 5 लाख 23 हजार रुपए की ठगी

**धौलपुर।** धौलपुर जिले में कार्यरत अलवर जिले के निवासी एक सरकारी शिक्षक के साथ साइबर ठगों ने 5 लाख 23 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। जिससे शिक्षक सदमे की हालत में है।

पीड़ित शिक्षक ने एसपी से मामले का खुलासा कर ठगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और पैसे वापस दिलवाने की गुहार लगाई है

जानकारी के मुताबिक जुम्मा खान पुत्र जीवन खान निवासी हरसाना लक्ष्मणगढ्ढ अलवर तृतीय श्रेणी शिक्षक है। जो कि धौलपुर जिले के बकांयद पुरा जाटोली में कार्यरत है।

30 अगस्त 2024 को शाम के समय उसकी बैंक कर्मियों से लोन लेने की बात चल रही थी। बैंक कर्मियों का कॉल कटते ही थोड़ी देर बाद उसके पास साइबर ठगों का कॉल आया और उन्होंने शिक्षक जुम्मा खान से कहा कि आपका क्रेडिट कार्ड है, उसके पैसे कट रहे हैं, उसे बंद करवाना चाहते हैं क्या ?

इस पर शिक्षक ने हां कर दी, और जैसे जैसे साइबर ठगों ने कॉल पर कहा, वैसे वैसे शिक्षक करता गया और उसने साइबर ठगों को ओटीपी बता दिया। जिससे थोड़ी ही देर में ठगों ने शिक्षक जुम्मा खान के बैंक खाते से 5 लाख 23 हजार रुपए पार कर दिए।

ठगी क्रेडिट कार्ड के द्वारा की गई। मामले को लेकर पीड़ित शिक्षक ने पुलिस थाना निहालगंज धौलपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

साथ ही एसपी से मिलकर पूरे मामले का खुलासा करने, साइबर ठगों को पकड़ने और राशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# चारागाह भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने जाते ग्रामीण ।

**गंगापुर सिटी ।** गंगाजी की कोठी खानपुर बडौदा के ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर गोचर-चरागाह भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए इस संबंध में कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन देकर शिकायत की है। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। खानपुर बडौदा सरपंच छुट्टनलाल के अलावा ग्रामीण कमलेश सैनी, महेश माली, धनसिंह, लेखराज, मुकेश, बलराम सैनी,सियाराम सैनी, गुलाब सैनी, दीपक बैरवा, राधेश्याम, गोरधन आदि ने बताया कि गंगाजी की कोठी के पास चरागाह-गोचर भूमि पर नरेश मीणा ने गोशाला के नाम पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया और यहां गोशाला के नाम पर अवैध रूप से बिजली का भी उपयोग किया जा रहा है, जबकि यह जगह चरागाह की है। ग्रामीण चरागाह में अपने मवेशियों के चराने के लिए ले जाते हैं, लेकिन उक्त व्यक्ति उनके मवेशियों को चरागाह में चरने से रोक रहा है, साथ ही मारपीट करने पर आमादा है। इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारी के हौसले बुलंद है। प्रशासन को करीब 2० दिन पूर्व शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से यहां संचालित अवैध गोशाला को हटवाकर चरागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है।

# वंदे भारत ट्रेन के स्टाफ के बीच हाथापाई

**गंगापुर सिटी ।** उदयपुर से आगरा कैंट के बीच सोमवार से शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन में पहले ही दिन विवाद हो गया। मामला ट्रेन को चलाने को लेकर था। आगरा मंडल और कोटा के लोको पायलट ने आगरा और गंगापुर सिटी स्टेशन पर इंजन में ही एक दूसरे से हाथापाई की। इससे दोनों मंडल के लोको पायलट के चोट भी आई है। हाथापाई के कारण गंगापुर सिटी पर ट्रेन 15 मिनट तक खडी रही। जानकारी के अनुसार कोटा मंडल के रनिंग स्टाफ को कोटा से आगरा और आगरा से कोटा तक ट्रेन के संचालन की जिम्मेदारी मिली है। ट्रेन दोपहर 2 बजे गंगापुर सिटी से आगरा पहुंची। यहां गंगापुर सिटी के लोको पायलट और गार्ड के साथ आगरा के रनिंग स्टाफ और यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मारपीट कर दी। उन्हें ट्रेन से नीचे उतार दिया। इसकी जानकारी मिलने पर गंगापुर सिटी स्टेशन पर स्टाफ आक्रोशित हो गया। आगरा का स्टाफ शाम 5 बजे ट्रेन गंगापुर सिटी लेकर आया। यहां गंगापुर सिटी के रनिंग स्टाफ और यूनियन कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। गंगापुर सिटी यूनियन के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आगरा के स्टाफ के साथ मारपीट कर बैग और अन्य सामान फेंक दिया इंजन से बाहर फेक दिया। उनको नीचे उतार दिया। जीआरपी को बीच-बचाव करना पडा। इस दौरान ट्रेन 15 मिनट तक स्टेशन पर खडी रही। हंगामे के बाद गंगापुर सिटी का रनिंग स्टाफ ट्रेन को लेकर कोटा के लिए रवाना हुआ। ट्रेन की वर्किंग गंगापुर सिटी के पास ही रहेगी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंपलाइज यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेन्द्र जैन ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन का संचालन कोटा मंडल के गंगापुर सिटी रनिंग स्टाफ को दिया गया है। लेकिन आगरा फोर्ट के रनिंग स्टाफ ने गंगापुर सिटी के स्टाफ को ट्रेन से उतार कर उनके साथ मारपीट की। यह गलत है और न्यायसंगत नहीं है। गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की मदद से आगरा फोर्ट के लोको पायलट और गार्ड को उतारा गया। ट्रेन की वर्किंग गंगापुर सिटी के पास ही रहेगी।

**अभी तक दर्ज नहीं हुआ मामला**

जीआरपी गंगापुर सिटी के थानाधिकारी दलवीर सिंह का कहना है कि रनिंग स्टाफ के साथ हुई मारपीट के बारे में अभी तक किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट नहीं दी है। रेलवे अधिकारियों से वर्किंग को लेकर संपर्क किया जा रहा है।

**ट्रेन का सप्ताह में 3 दिन संचालन**

वंदे भारत ट्रेन उदयपुर-आगरा के बीच सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह ट्रेन उदयपुर से सोमवार, मंगलवार और शनिवार को चलेगी। ट्रेन उदयपुर से सुबह 5¬45 बजे रवाना होगी।

इसके बाद 9¬5० बजे कोटा, 11 बजे सवाई माधोपुर, 11¬43 बजे गंगापुर सिटी और दोपहर 2¬3० बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। वहीं, वापसी के समय दोपहर 3 बजे आगरा कैंट से रवाना होकर शाम 5 बजे गंगापुर सिटी, 5¬43 बजे सवाई माधोपुर, 7¬1० बजे कोटा और रात 11¬45 बजे उदयपुर पहुंचेगी।

# पिज्जा हट पर सात हजार का जुर्माना लगाया

**अजमेर, (कासं)।** उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के एक उपभोक्ता द्वारा पेप्सी कोल्ड ड्रिंक की एक बोटल की होम डिलेवरी पर अधिक कीमत वसूलने करने पर पिज्जा हट के खिलाफ मामला दाखिल किया था। जिस पर आयोग ने फैसला सुनाते हुए पिज्जा हट पर 7 हजार रुपए जुर्माना लगाया और कोल्ड ड्रिंक बॉटल की पैकिंग के नाम से वसूले गए 49 रुपए भी लौटाने के निर्देश दिए।

तोपदड़ा अजमेर निवासी यश अग्रवाल ने अजमेर की उपभोक्ता अदालत में एडवोकेट तरुण अग्रवाल के जरिए परिवाद पेश कर बताया कि उसने स्वीगी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए मित्तल मॉल स्थित पिज्जा हट से पेप्सी कोल्ड ड्रिंक की एक बोतल होम डिलेवरी के लिए बुक करवाई थी। इस कोल्ड ड्रिंक की कीमत सत्तावन रुपए थी, जिस पर 49 रुपए पैकिंग चार्ज, 32 रुपए डिलेवरी चार्ज व 11 रुपए टेक्स जोड़कर कुल 149 रुपए का भुगतान किया था।

यश का कहना था कि कोल्ड ड्रिंक की बॉटल को किसी विशेष तरह से अलग से पैक नहीं किया गया था और न ही इसकी आवश्यकता थी। इसके बावजूद उससे 49 रुपए पैकिंग चार्ज वसूल किया गया जो उपभोक्ता कानून का उल्लंघन है। यश ने अवैध रूप से वसूले गए 49 रुपए व परिवाद में वर्णित अनुतोष दिलाए जाने की प्रार्थना की।

## बैठक 4 सितम्बर को

**भरतपुर, ।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्षेत्रीय विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 4 सितम्बर को सांय 4 बजे आयोजित की जायेगी।

उक्त जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने देते हुये बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशों की पालना में डांग क्षेत्र की पंचायत समिति बयाना एवं रूपवास की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का जिला स्तरीय बैठक में अनुमोदन किया जाना है।

## मंदिर में लंगर का आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर सिन्धी मंडल के अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक नारी देवानी और उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी के नेतृत्व में पूज्य झरनेश्वर महादेव सिन्धी मंडल द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के अनुसार विश्व के समस्त प्राणियो में परमात्मा का ही रूप मानकार उनकी सेवा करते रहते हैं। नारी देवानी ने बताया कि इसी क्रम आम भंडारे का आयोजन किया गया।

महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि मंगलवार को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश उत्सव के अवसर पर तारागढ पहाडी पर स्थित प्राचीन झरनेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में आम भंडारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दौलतराम खुशलानी, नरेश रतनानी, महेश वरलानी, बच्चू हरवानी, भगवान हरवानी, रमेश लालवानी सहित अन्य द्वारा सेवाएं प्रदान की गई।


**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश महोदय क्रम सं. 2 हिण्डौन सिटी**
पीठासीन अधिकारी श्री सुमरतलाल मीना
आर.एच.जे.एस. 299/07.8.24
प्रताप बनाम हरखास आम वगै.
**प्रार्थना-पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र**
**नोटिस हरखास आम**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रताप पुत्र पून्या उम्र 56 साल, जाति कोली, निवासी गोमती कॉलोनी, हिण्डौन सिटी, जिला करौली, राजस्थान ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने मृतक पुत्र मुकेश महावर की भारतीय जीवन बीमा निगम, रीको इण्डस्ट्रीयल ऐरिया, हिण्डौन सिटी में बीमा पॉलिसी न्यू जीवन लाभ प्लान पॉलिसी सं. 156969133 की क्लेम राशि 4 लाख रूपये को प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायालय में प्रार्थनापत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाणपत्र प्राप्त करने प्रार्थनापत्र पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थनापत्र को स्वीकार किये जाने में आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 23.09.2024 को समय 10 ए.एम. को असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 07.08.2024 को जारी किया गया।
(मुहर) आज्ञा से-रीडर
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-2 हिण्डौन सिटी जिला करौली**



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4**
न्यायालय श्रीमान ACJM साहब स्थान हिण्डौन सिटी दिव्या पण्डा विरूद्ध महेन्द्र चतुर्वेदी वाद/प्रार्थना पत्र 656/2021 प्रार्थना-पत्र
संख्या 125 cpc सन् crm
नाम महेन्द्र चतुर्वेदी पुत्र द्वारिका प्रसाद चतुर्वेदी जाति ब्राह्मण पता नि. द्वारिका पुरी, वर्धमान नगर हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.) मो. 8310998243 उक्त सायला ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 17.9.2024 को 10.20 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 31.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
(मुहर) **आज्ञा से**
**अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट हिण्डौन सिटी जिला-करौली ( राज. )**


# चार घरों पर गिरी आकाशीय बिजली

**धौलपुर।** सैंपऊ उपखंड क्षेत्र के पिपहेरा गांव में मंगलवार दोपहर को बारिश के दौरान 4 घरों पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे 1 महिला और 1 बच्चा बुरी तरह झुलस गए हैं। साथ ही घरों में काफी नुकसान हुआ है। तेज गर्जना के साथ बिजली गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया।

आकाशीय बिजली गिरने से पप्पू के घर की छत पर बैठी उसके भाई संजय की पत्नी प्रियंका झुलस गई है। वहीं 6 वर्षीय एक बेटा भी फ्रीज में करंट दौड़ने से बुरी तरह झुलस गया है। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए बसई नवाब अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं बिजली गिरने से रामस्वरूप कोली के मकान में जगह-जगह दरार आने से मकान छतिग्रस्त हो गया है। साथ ही घर के अंदर लगे बिजली के उपकरण जलने से काफी नुकसान हुआ है।वही पप्पू जाटव और जयंती के घरों में भी बिजली के उपकरण जल गए हैं।

लोगों ने बताया कि बसई नवाब क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास करीब आधा घंटा तक जोरदार बारिश हुई। बारिश के साथ ही कई बार आसमान में बिजली की गर्जना हुई, तभी आसमान में हुई तेज गर्जना के साथ पिपहेरा गांव में बिजली गिरने से हादसा हो गया। इस दौरान लोग घरों के अंदर बैठे थे, तभी घरों पर गिरी बिजली से परिवार के सभी सदस्य काफी समय तक सहमे रहे। जब देखा तो रामस्वरूप कोली पुत्र नहने के मकान की कई जगह से दीवारों में दरार पहुंचने से बड़ा नुकसान हुआ है। साथ ही पप्पू जाटव पुत्र कन्हैया के घर पर लगी छतरी के अलावा एलईडी व अन्य उपकरण जलने से नुकसान हुआ है। वही जयंती के मकान के अंदर रखा इनवर्टर व बैटरा धमाके के साथ फट गया।

## वृद्ध महिला की मौत

**धौलपुर** जिले के सरमथुरा उपखंड की ग्राम पंचायत झिरी के भमपुरा गांव में शाम एक वृद्ध महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद लगभग 50 से अधिक व्यक्ति दुर्गसी घाट चंबल की किनारे दाह संस्कार करने गए थे। झिरी सरपंच प्रतिनिधि संजू सिंह जादौन ने बताया है कि दाह संस्कार के बाद होतीलाल अपनी भैंस चराने के लिए ले गया था। तभी चंबल के डबरा में भरे पानी में अचानक से एक मगरमच्छ आ गया। इस दौरान होतीलाल पुत्र पोथी जाटव उम्र करीब 45 वर्ष को मगरमच्छ पानी में खींचकर ले गया। सुबह से गोताखोर एवं स्थानीय लोग कड़ी मशक्कत करते हुए तलाशने में लगे हुए हैं। लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। उपखंडाधिकारी राधेश्याम मीना, तहसीलदार अमित कुमार सहित पुलिस प्रशासनिक के अधिकारी मौके पर सुबह ही पहुंच गए और शाम तक उसका कोई पता नहीं लग सका। इसके साथ ही सिविल डिफेंस टीम एवं स्थानीय लोग होतीलाल की तलाश में जुटे हुए हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में खेल सप्ताह के समापन पर प्रतिभाओं का किया सम्मान



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिण्डौन इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय में खेल दिवस पर आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ ।

**हिण्डौन सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिण्डौन इकाई द्वारा राजकीय महाविद्यालय में खेल दिवस पर आयोजित खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ । विजेताओं को मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल, विशिष्ट अतिथि भूदेव सिंह डागुर सरपंच संघ अध्यक्ष , ओ.पी मंगल , एवं मुख्य वक्ता नितिन कुशवाहा एबीवीपी खेलो भारत प्रांत सह संयोजक व खेल प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पप्पू राम कोली, सुरेश मीणा ने की कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ.रितेश जैन ने किया।

जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती एवं युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया । नगर मंत्री लोकेश मीणा ने बताया कि कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वामी विवेकानंद का चित्र पट एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लव सोलंकी ने बताया कि खेल दिवस पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विजेता टीमों की प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं विधार्थी परिषद की किताब के द्वारा सम्मान किया गया । साथ ही इकाई अध्यक्ष भूपेंद्र छाबडी ने बताया कि लगभग 65 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सत्येंद्र पाल जी ने छात्राओं को अच्छी दिशा में जाने के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत खेलो भारत के प्रांत सह संयोजक नितिन कुशवाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बडा गैर राजनीतिक छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद कहती है कि युवा विद्यार्थी आज का नहीं कल का नहीं। 2047 के भारत में युवाओं को तन मन एवं अपनी पूर्ण ऊर्जा से भारत को विश्व गुरु बनाने में अपने आप को समर्पित कर पूर्णाहुति देनी पडेगी। साथ ही गहलोत सरकार के खिलाफ निकाली करौली से जयपुर न्याय पद यात्रा के बारे में भी बताया। विशिष्ट अतिथि भूदेव सिंह डागुर ने विद्यार्थियों को प्रगतिशील होने एवं सकारात्मक विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया । साथ ही कहा कि अगर किसी भी वर्ग के होनहार विधार्थियो को पढाई हेतु सहयोग की आवश्यकता हो तो मुझे सहयोग करने का मौका दे, हम उनकी हर संभव मदद करेंगे। साथ ही ओ पी मंगल ने भी बताया कि विधार्थी परिषद हमेशा छात्रों की समस्या एवं सामाजिक कार्यक्रमों मे अग्रसर रहता है। खेल प्रभारी श्री निवास ने भी कहा कि छात्र छात्राओं को प्रेरित किया कि शिक्षा के साथ साथ प्लास्टिक मुक्त वस्तुओं का अपने जीवन में प्रयोग नही करना चाहिए । इस अवसर पर प्राचार्य पप्पू राम ने कहा कि विधार्थियो को शिक्षा के साथ साथ अपने जीवन में अनुशासन मे रहना चाहिए साथ ही आप हमेशा पढाई, खेल कूद मे अपना अच्छा परचम लहराकर माता पिता, गाव एवं महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बसई नबाब पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**
क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/07 दिनांक: 03.09.2024
**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**
ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 12.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00261 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
**सरपंच** — **ग्राम पंचायत बसईनबाब**
**ग्राम विकास अधिकारी** — **ग्राम पंचायत बसईनबाब**

# मौसमी बीमारियों को देखते हुये पर्याप्त दवा भण्डारण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**भरतपुर, ।** जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोंकरवाडा एवं पथैना का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए किये गये प्रबन्धों की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को भवन में साफ सफाई में सुधार करने, जांच उपकरणों को सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने छोंकरवाडा स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित

- **जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोंकरवाडा एवं पथैना का औचक निरीक्षण किया**

कार्मिकों की बायोमैट्रिक आधार पर उपस्थिति के साथ रजिस्टर का भी अवलोकन कर अनुपस्थित मिले कार्मिकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने दवाईयों के भण्डारण की जगह कम होने के कारण आवश्यकता से अधिक दवाईयों को ड्रग वेयर हाउस में भिजवाने के निर्देश दिये एवं चिकित्सकीय सामान को गलियारों से हटाने को कहा जिससे कि मरीजों व तिमारदारों के बैठने की उचित व्यवस्था की जा सके। अस्पताल में आने वाले रोगियों को निशुल्क जॉच एवं दवा योजना का समय पर लाभ मिले इसके लिये दवाओं की उपलब्धता एवं उपकरणों का रखरखाव गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिये। आईपीडी एवं ओपीडी वार्ड का निरीक्षण कर चिकित्सकों को ड्यूटी चार्ट फॉलो करने एवं नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।जिले में मौसमी बीमारियों मलेरिया ड्रेंगू वायरल प्रकोप को रोकने के लिए संस्था क्षेत्र में एंटी लार्वा गतिविधियों के साथ-साथ आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों की शत प्रतिशत ई केवाईसी करवाने, मौसमी बीमारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम व जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री राजश्री योजना का बेहतरीन ढंग से संचालन कर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने पथैना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान संस्था की व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा भवन में आवश्यक मरम्मत कार्य कराने, उचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने संस्थान के लिये भूमि आवंटन कर नियमानुसार कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिये जिससे कि आमजन को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों के प्रकोप के कारण स्वास्थ्य केन्द्र में लगने वाली भीड़ को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने मरीजों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया एवं स्वास्थ्य केन्द्र परिसर और टॉयलेट्स की नियमित साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम करने, मरीजों और उनके परिजनों हेतु पर्याप्त शुद्ध शीतल जल उपलब्ध करवाए जाने एवं दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश चिकित्सा अधिकारी को दिये।



जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छोंकरवाडा एवं पथैना का औचक निरीक्षण किया

## नदी मे डूबने से दो युवक की

**धौलपुर।** कौलारी थाना क्षेत्र स्थित सखवारा रपट पर पार्वती नदी में नहाने गए दो युवक डूब गए।

नदी में दो युवक के डूबने की सूचना मिलते ही कौलारी और मनियां थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां रेस्क्यू टीम को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया हैं।

कौलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह कर्दम ने बताया कि उन्हें सखवारा रपट पर पार्वती नदी में दो युवक की डूबने की सूचना मिली थी।

जिस सूचना पर रेस्क्यू टीम को मौके पर बुलाया गया हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के मुताबिक कौलारी के रहने वाले दो युवक योगेश (22) पुत्र शिव सिंह और दिलीप (22) पुत्र गजाधर सखवारा के पास पार्वती नदी में नहाने के लिए आए थे। जो नहाते वक्त अचानक गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के मुताबिक दोनों युवक के पानी में डूबने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया।

दो युवक के पानी में डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं।

एक और जहां स्थानीय लोग अपने स्तर पर रेस्क्यू कर दोनों युवक की तलाश कर रहे हैं तो वही सिविल डिफेंस के साथ गोताखोरों की टीम को मौके पर बुलाया गया हैं। जो नदी में डूबे युवकों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करेंगे।

## सार-समाचार

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ करते अतिथी।

**गंगापुर सिटी ।** उन्नयन समिति एवं उषा इंटरनेशनल लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षिकाओं का 9 दिवसीय आवासीय उषा सिलाई स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राज मैरिज गार्डन गंगापुर सिटी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्षद श्रीमती नीरज दीक्षित और गोविंद पाराशर पार्षद द्वाराकिया गया। कार्यक्रम की रुपरेखा व उद्देश्य के बारे में बताते हुए उन्नयन समिति सचिव विजय पाराशर ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 सितंबर से 1० सितंबर 2०24 तक आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मास्टर ट्रेनर श्रीमती मंजू नागर, टैकनीसियान अकरम खान, उन्नयन समिति से भंवर लाल, मोती लाल और संजना शर्मा ने भाग लिया। गंगापुर ब्लॉक के 1० गांव से 1० शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

### वनक्षेत्रों का किया भ्रमण

**करौली( नि.स. )।** क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेन्द्र मीना ने बताया कि वन एवं वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर द्वारा राजस्थान के लगभग 1500 वनरक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें से एक बैच 48 महिला प्रशिक्षणार्थी वनरक्षकों के द्वारा करौली जिले के वनक्षेत्रों का भ्रमण किया

इस दौरान उप वन संरक्षक करौली सुमित बंसल द्वारा करौली रेंज के अधीन वर्तमान में कराये गये विकास कार्यो के अन्तर्गत मोहनपुरा 2 औल्ड वृक्षारोपण के भ्रमण के दौरान भू संरक्षण कार्य, पौधारोपण, वन सुरक्षा एवं वन्य जीव आदि की जानकारी दी गई। मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी करौली जितेन्द्र मीना, सहायक वनपाल प्रेमचन्द सैन, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विशेष अभियान का आयोजन

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने एक आदेश जारी कर बताया कि पीएमएमवीवाई के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन में वृद्धि, सत्यापन तथा अनुमोदन एवं पेमेन्ट जनरेट की प्रगति को बढाने के लिए पोषण माह के दौरान 2 से 16 सितम्बर तक विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत वर्तमान में प्रथम बच्चे पर लड़का या लड़की होने पर कुल 5 हजार रुपये कि राशि दो किश्तों क्रमशः 3 हजार एवं 2हजार रुपये तथा दूसरे बच्चे के जन्म पर केवल लड़की होने पर एकमुश्त 6रुपये कि राशि निर्धारित शर्तो एवं दस्तावेज के प्रमाणीकरण उपरांत डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में सीधी दी जाएगी। इस संबंध में उन्होंने उपनिदेशक,महिला एवं बाल विकास विभाग व बाल विकास परियोजना अधिकारीयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

### गणेश महोत्सव कार्यक्रम 7 सितम्बर से

**गंगापुर सिटी ।** श्री गणेश महोत्सव समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मण्डी मैदान पर 7 सितम्बर से गणेश महोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ गणपति महाराज की स्थापना के साथ किया जायेगा। दस दिवसीय महोत्सव की तैयारियो को लेकर समिति कार्यकर्ताओ सहित सभी में भारी उत्साह है। श्री गणेश महोत्सव के संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के हृदय स्थल चौक वाले बालाजी से कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। इसी के साथ कार्यक्रम के दौरान 7 सितंबर से 15 सितंबर तक प्रतिदिन भव्य संजीव आकर्षक झांकियां का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी के साथ 14 सितंबर को ढोला ग्यारस के उपलक्ष में मिश्री मावा प्रसादी का शाम की आरती में वितरण किया जाएगा। 16 सितंबर 2०24 सोमवार को कार्यक्रम की शोभा यात्रा की पूर्व संध्या पर सभी शहर वासियों की उपस्थिति में गणपति बप्पा की 31०० दीपकों के साथ महाआरती और अखाडा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 17 सितंबर 2०24 को विशाल श्री गणेश विसर्जन शोभा यात्रा का प्रातः 1०.3० बजे से पुरानी अनाज मंडी के मैदान से मुख्य मार्ग से होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए प्रस्थान का कार्यक्रम रखा गया है। कलश यात्रा के कूपन समिति पदाधिकारियो व कार्यकर्ता से प्राप्त किए जा सकते है। कार्यक्रम से जुडे मीडिया प्रभारी प्रेम दत्त पंचोली एवं सह मीडिया प्रभारी धनेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के विधिवत संचालन हेतु कार्यक्रम की श्रीगणेश महोत्सव समिति में संरक्षक अशोक चौधरी, संयोजक डॉ.हेमंत शर्मा, सहसंयोजक विश्वजीत सिंह, अध्यक्ष तनीष सिंह चौधरी, सचिव दिलीप तिवारी, उपाध्यक्ष समय सिंह मावई, कोषाध्यक्ष मदन मोहन शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा को बनाया गया है। संयोजक डॉक्टर हेमंत शर्मा ने सभी जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में गणेश महोत्सव के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में बढ चढकर हिस्सा लेने की अपील की है। साथ ही गणेश महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक का आयोजन 4 सितंबर 2०24 को सांयकाल 7 बजे से नसिया कॉलोनी स्थित विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम कुहू स्कूल में रखी गई है।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा करौली का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। शिक्षक संघ राष्ट्रीय करौली के जिला निर्वाचन अधिकारी दीनदयाल शर्मा ने बताया कि 8 सितंबर को उप शाखा महावीर जी का निर्वाचन मीन भगवान मंदिर परिसर में होगा जिसके निर्वाचन अधिकारी टेकराम मीणा एवं पर्यवेक्षक समय सिंह गुर्जर होंगे इसी प्रकार 8 सितंबर को उपशाखा मंडरायल का निर्वाचन आदर्श विद्या मंदिर मंडरायल में होगा जिसके चुनाव अधिकारी केशव मीणा एवं पर्यवेक्षक गजानंद वर्मा होंगे। वही इसी दिवस उप शाखा हिंडौन सिटी का निर्वाचन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चैपड़ हिंडौन सिटी में होगा जिसके निर्वाचन अधिकारी हरविंदर सिंह एवं पर्यवेक्षक राजेश कुमार सारस होंगे इसी दिवस उप शाखा करौली ग्रामीण का निर्वाचन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 में होगा जिसके निर्वाचन अधिकारी सदानंद शर्मा एवं पर्यवेक्षक मुखराज मीणा होंगे। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को उपशाखा सपोटरा का निर्वाचन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सपोटरा में होगा जिसके चुनाव अधिकारी सत्यनारायण मीणा एवं पर्यवेक्षक अशोक कुमार मीणा होंगे एवं उप शाखा करौली शहर का निर्वाचन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 में होगा जिसके चुनाव अधिकारी नितेश सिंघल एवं पर्यवेक्षक गिरधारी लाल नामा होंगे। उन्होंने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन चुनाव तिथि के एक दिन पूर्व प्रातः 8:00 बजे होगा, नामांकन प्रस्तुत करना चुनाव तिथि के दिन प्रातः 9:00 से 11:00 बजे तक, प्रत्याशियों कि प्रथम सूची का प्रकाशन चुनाव तिथि के दिन 11:30 बजे तकदिए जाएंगे।

# सी.एम.एच.ओ. ने किया पांच चिकित्सा संस्थाओं का औचक निरीक्षण

**करौली( नि.स. )।** बरसात के दौर में चिकित्सा संस्थानों पर मौसमी बीमारियों से बचाव से और रोकथाम की तैयारियों की सुनिश्चितता के लिए सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने पीएचसी खेडियान का पुरा,यूपीएचसी वर्धमान नगर और शाहगंज एवं जनता क्लिनिक बड़पाडा व गुलशन कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर मौसमी बीमारियों से निपटने की व्यवस्थाओं से रूबरू हुए। सीएमएचओ डॉ. मीना ने चिकित्सा संस्थानो पर पहुंच कर उपस्थिति पंजिका अनुसार कार्मिकों को मौजूदगी जांची और ओडीके एप के माध्यम से निरीक्षण दर्ज कराया।उन्होनें संस्था पर ओपीडी, आईपीडी, जांच स्थिति,आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सहित मौसमी बीमारियों के लिए सर्वे करने के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने संस्थाओं पर टेमीफोर्स, पायरेथ्रम, एमएलो एवं ब्लीचिंग पाउडर की उपलब्धता की जानकारी जुटाकर मच्छर रोधक गतिविधियों में सामग्री के उपयोग के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मरुधर ऐप द्वारा सर्वे, डेंगू केस की स्थिति,संस्था पर मरीज लोड की जानकारी लेकर गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं की जानकारी सहित उपयोगिता की जानकारी ली इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीशचंद मीना ने परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों के वितरण पर जोर दिया इस दौरान डीपीसी -आईईसी लखनसिंह लोधा ले आईईसी प्रदर्शन की स्थिति जांची और ऑडीके ऐप पर निरीक्षण ऑनलाइन दर्ज कराया।

- **सीएमएचओ ने संस्था पर ओपीडी, आईपीडी, जांच स्थिति,आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सहित मौसमी बीमारियों के लिए सर्वे करने के निर्देश प्रदान किये**

## शिविर आयोजित

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि जिले में यूडीआईडी दिव्यांगजन 'ाािविरो का आयोजन ब्लॉकवाईज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अन्तर्गत स्वावलम्बन पोर्टल के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किये जाने है। इसके अलावा जिले में विभागीय दिव्यांगजन पंजीयन पोर्टल पर पंजीकृत आवेदनों का निस्तारण कर यूडीआईडी कार्ड जारी कर विभागीय योजनाओं से लाभांवित किया जाना है। इसके अन्तर्गत 11 सितम्बर को पंचायत समिति मासलपुर,12 सितम्बर को पंचायत समिति मण्डरायल,18 सितम्बर को पंचायत समिति सपोटरा,24 सितम्बर को पंचायत समिति श्रीमहावीरजी व 27 सितम्बर को पंचायत समिति हिण्डौन में शिविर आयोजित रहेंगे।

# राज किसान पोर्टल पर आवेदन10 तक

**भरतपुर, ।** माननीय मुख्यमन्त्री की बजट घोषणा के तहत वर्ष 2024-25 में किसानों की क्षमता वृद्धि के लिये नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम अन्तर्गत राज्य से 100 युवा किसानों को विदेश प्रशिक्षण हेतु भिजवाया जाना प्रस्तावित है। संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड भरतपुर योगेश शर्मा ने बताया कि ऐसे प्रगतिशील किसान जो दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, उद्यानिकी तथा कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं एवं जिला स्तर या राज्य स्तर पर पुरस्कृत हैं तथा जिनके पास पासपोर्ट है वह अपना आवेदन राजकिसान पोर्टल पर 10 सितम्बर, 2024 तक कर सकते हैं।

संयुक्त निदेशक ने आवेदक की आवश्यक योग्यता के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि कृषक के पास कम से कम एक हैक्टेयर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो। विगत 10 वर्षों से लगातार अपनी कृषि भूमि पर खेती कर रहा हो। कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक (संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर उर्जा पम्प, ड्रोन, फर्टीगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पोण्ड, डिग्गी) अपनाई जा रही हो। कृषक चयन कृषि विभाग द्वारा जिला, राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया हो। कृषक पंचायती राज संस्था, सहकारी संस्थ, वाटर यूजर एसोसिएशन, कृषि मण्डी आदि में विगत 10 वर्षों में किसी पद पर रहा हो या एफपीओ का सदस्य हो। कृषक की उम्र 50 वर्ष से कम हो। उन्होंने बताया कि कृषक के विरूद्ध पूर्व, वर्तमान में संज्ञेय अपराध के प्रकरण लम्बित न हो। कम से कम माध्यमिक स्तर की शैक्षिणक योग्यता धारक हो। कृषक के पास वैध पासपोर्ट हो।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि कृषक वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय, भैंस की डेयरी या 10 ऊँट या 50 भेड़, बकरी का स्वामित्व रखता हो। विगत 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुडा हो। उच्च पशुपालन, डेयरी तकनीक अपनाई जा रही हो। कृषक का चयन कृषि या पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालन, डेयरी क्षेत्र में जिला, राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन किया गया हो। कृषक अपने क्षेत्र में अगुवा पशुपालक के रूप में जाना जाता हो। कृषक पंचायती राज संस्था, सहकारी संस्था, वाटर यूजर एसोसिएशन, कृषि मण्डी आदि में विगत 10 वर्षों में किसी पद पर रहा हो या एफपीओ का सदस्य हो। कृषक की उम्र 45 वर्ष से कम हो। कृषक के विरूद्ध पूर्व, वर्तमान में संज्ञेय अपराध के प्रकरण लम्बित न हो। कम से कम माध्यमिक स्तर की शैक्षिणक योग्यता धारक हो। कृषक के पास वैध पासपोर्ट हो। उन्होंने बताया कि उक्त पात्रता के आधार पर स्कोर क्राइटेरिया निर्धारित कर किसानों का चयन किया जाना है।

संयुक्त निदेशक उद्यान खण्ड भरतपुर योगेश शर्मा ने बताया कि यह जिले के किसानों के लिए यह अच्छी खबर है। विदेशों मे होने वाली हाइटैक खेती के गुर सीखने के लिए प्रदेश के किसान विदेश में भ्रमण करने जाएंगे। नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत होने वाले भ्रमण के लिए प्रदेश के दस कृषि संभागों से किसानों का चयन किया जाएगा।

# तीन अस्पतालों को प्रशासन ने किया सीज

**धौलपुर।** राज्य सरकार और जिला प्रशासन धौलपुर के निर्देश पर नगर परिषद ने मंगलवार को धौलपुर शहर में बेसमेंट में चल रहे 3 निजी अस्पतालों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें सीज कर दिया। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों की पालना में बेसमेंटों में संचालित निजी अस्पताल, कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट धौलपुर के सामने संचालित मैक्स हॉस्पिटल, घंटाघर रोड पर बालाजी हॉस्पिटल एवं जीवन ज्योति अस्पताल को सीज किया गया है। ये तीनों अस्पताल बेसमेंट में संचालित किए जा रहे थे। इस दौरान इन निजी अस्पतालों में मिले मरीजों को जिला अस्पताल धौलपुर में शिफ्ट किया गया। कार्यवाही के दौरान नगर परिषद अधिकारियों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन वाहन और पुलिस जाप्ता मौजूद रहा। इस दौरान मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई।

आयुक्त शर्मा ने बताया कि धौलपुर शहर में बेसमेंट में संचालित हो रहे 9 निजी अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर एवं लाइब्रेरी को भी सीज किया जाएगा।

# विद्यार्थी ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर,कड़ी मेहनत का संकल्प लें : कलेक्टर

**भरतपुर, ।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय छोंकरवाडा का निरीक्षण कर शैक्षिणक गुणवत्ता के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन कमेटी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी

- **विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालयी गतिविधियों व सुविधाओं के संबंध में दिये निर्देश**

सुविधाऐं भी मिलें। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षण कार्य, निर्माण कार्यों सहित अन्य व्यवस्थाओं, सुविधाओं व सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर विद्यालय से संबंधित गतिविधियों व उपलब्धियों पर चर्चा की साथ ही विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने वृक्षों की महत्वता बताते हुये कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षकों को भी पौधारोपण कर अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिये।

जिला कलक्टर ने विद्यालय में भोजन व्यवस्था का निरीक्षण कर भोजन सामग्री, मसाले आदि के मानसून के सीजन में सुरक्षित रखरखाव के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भोजन वितरण से पूर्व प्रतिदिन चखकर जांच करें तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने विद्यार्थियों की कक्षावार बैठक व्यवस्था, शैक्षिणक गुणवत्ता को परख कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षिणक स्थिति के बारे में फीडबैक लेकर नियमित अध्ययन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करने का आ ान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर उसको प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत कर पूर्ण संकल्प के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का सन्देश दिया तथा अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया।

जिला कलक्टर ने इस दौरान विद्यालय की पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, प्रेक्टिकल लैब, उपलब्ध चिकित्सकीय व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित शयन व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विद्यालय प्रशासन से जुडे पदाधिकारियों से विद्यालय में बच्चों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बरसात के दौरान विद्यालय भवन की छतों की साफ-सफाई रखने एवं परिसर में अनावश्यक खरपतवार समय-समय पर हटवाने के निर्देश दिए। इस दौरान नवोदय विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा भारद्वाज, उपप्राचार्य वासुदेव वर्मा, समाज सेवी द्वारिका प्रसाद, सीबीईओ भुसावर रामफल मीणा, भुसावर तहसीलदार, प्राचार्य महात्मा गांधी राउमावि छोंकरवाडा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय छोंकरवाडा का निरीक्षण कर शैक्षिणक गुणवत्ता के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश हेतु संस्थान में करें सम्पर्क

**भरतपुर, ।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षिणक सत्र 2024-25 के लिए तीन वर्षीय डिप्लोमा में इंजीनियरिंग ब्रांच प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष इंजी (पार्श्व सीधे प्रवेश) एवं नॉन इंजीनियरिंग शाखाओं के केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात रिक्त रही सीटों पर संस्थान स्तर पर प्रवेश हेतु संस्थान में सम्पर्क कर सकते हैं।राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग के लिये 10वीं पास आवेदक 2 सितम्बर से 6 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं एवं द्वितीय वर्ष इंजीनियरिंग ब्रांच में सीधे प्रवेश के लिए 2 से 6 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए योग्यता 12वीं पास (पीसीएम)/आईटीआई पास निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि कार्य दिवसों पर दोपहर 12 बजे तक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे उसी दिवस प्राप्त आवेदनों की दोपहर 1 बजे मेरिट लिस्ट तैयार कर मेरिटानुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा प्रवेश दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिये व्यक्तिगत काउंसलिंग हेतु प्रार्थी को सभी आवश्यक मूल दस्तावेज जिनमें 10वीं, 12वीं की उत्तीर्ण की मूल अंक तालिका, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र इत्यादी मय शुल्क की प्रथम किश्त लेकर संस्थान में उपस्थित होवें।

# 'स्वरोजगार के उद्योग लगने पर ही होगी देश से बेरोजगारी खत्म'



उद्यमी देवेश पीतलिया का स्वागत करते जिला संयोजक।

**गंगापुर सिटी ।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा मंगलवार को जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर की अध्यक्षता में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत एक मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन टेलेंट पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत माता एवं माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। जिला संयोजक महेश गुप्ता सर्वेयर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेश पितलिया (अध्यक्ष लघु उद्योग भारती) स्कूल के प्रिंसिपल महेश कुमार गर्ग रहे। मनीष माना ने कविता पाठ द्वारा स्वरोजगार, स्वदेशी, स्वावलंबन आदि विषयों पर अपने भाव व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि देवेश पितलिया एवं अन्य अतिथियों ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किए जा रहे विभिन्न विषयों के अंतर्गत बच्चों के लिए प्रेरणादायक एवं विस्तार से प्रकाश डालने का कार्य कर रही है।

यह बहुत ही सराहनीय है। स्वरोजगार, स्वावलंबी एवं उद्यमिता के लिए बच्चों को समझाना, उनमें अच्छे संस्कार पैदा करना, यह अपने आप में एक अनूठी पहल है, जिससे बच्चों में आत्मनिर्भरता की भावना जागरूक हो सके। उद्यमिता दिवस के उपलक्ष में उद्यमी के रूप में देवेश पितलिया को स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सम्मानित किया गया।

इस सेमिनार की स्कूल के प्रिसिंपल एवं स्टाफ एवं बच्चों ने बहुत ही बहुत प्रशंसा की।

सेमिनार में दिनेश सेन, मनीष एडवोकेट, गोपाल बैराडा, रामचन्द्र माखीजा, चन्द्रमोहन वैष्णव, मनीष शर्मा, रवि वर्मा, मनोज सैनी, आसीत भावे, ज्योति वर्मा, गिर्राज मंगल, टिकेश मीना, नितेश सैनी एवं विद्यालय के बच्चे आदि मौजूद रहे।

